KBBS

# रक्तिमा

Official Bulletin of KOTA BLOOD BANK SOCIETY, KOTA For Private Circulation Only

BLOOD DONOR LIFE SAVER

April, 2015

Vol.7

## हार्दिक शुभकामनाएं

सम्मानीय सदस्यगण एवं रक्तदातागण,

कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी के 18 वें स्थापना दिवस पर आप सभी का अभिनंदन।

कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी जरुरतमंद रोगियों को समय-समय पर स्वच्छ रक्त उपलब्ध करवा कर, रक्त के अभाव में होने वाले दुष्परिणामों से निजात दिलाने का भरसक प्रयास करती है और साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने एवं व्यवसायिक रक्तदाताओं पर रोक लगाने जैसा प्रभावी कार्यक्रम लागू करने का प्रयास करती है।

आधुनिकतम नवीन उपकरणों युक्त ब्लड बैंक रक्तदाताओं को ही समर्पित है। स्वैच्छिक रक्तदान आज समय की मांग बन गयी है जिसको पूरा करने में कोटा ब्लड बैंक सोसायटी कार्यरत है। इस कार्य में हमें सहयोग प्रदान करने वाली सभी संस्थाओं और रक्तदाताओं का हम हृदय से आभारी हैं।

आपका सहयोग एवं मार्गदर्शन संस्था को निरन्तर सेवा पथ पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा।

डॉ. जे. के. सिंघवी
अध्यक्ष

डॉ. अशोक शर्मा
सचिव

## हार्दिक आभार

- 24 जनवरी 2015 को स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर ने रक्तदान हेतु मोबाइल वेन भेंट की। मोबाइल वेन की चाबी एस.बी.बी.जे. के मुख्य महाप्रबंधक श्री एस. वेंकटरमण ने कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. जे.के. सिंघवी को सौंपी।
- जैन सोश्यल ग्रुप संगिनी, कोटा ने थैलेसीमिक बच्चों के लिए प्रोजेक्ट 'सांसे जिंदगी की' की शुरूआत की। जिसके अंतर्गत हर माह के 5 तारीख को कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी में निशुल्क एच.बी. इलेक्ट्रोफोरेसिस ( थैलेसीमिया रोकथाम हेतु होने वाली जांच ) की सुविधा शुरू की। साथ ही ब्लड बैंक परिसर में स्थित थैलेसीमिया वार्ड के लिए चार एयरकंडीशनर भेंट किए। इस कार्य हेतु जे.एस.जी. संगिनी की अध्यक्षा श्रीमति बीना बिलाला, सचिव श्रीमति मीनल जैन एवं प्रोजेक्ट चेयरमेन डॉ सपना मेहता, श्रीमति गरिमा गोधा, श्रीमति रितु बोहरा का धन्यवाद।